# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# ललित कला संस्थान

दिनांकः 01.06.2026

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, शैक्षणिक विभाग,
समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य।

विषयः **दीक्षोत्सव–2026** के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

सादर अवगत कराना है कि माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल, माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार एवं माननीय कुलपति प्रो० संगीता शुक्ला जी के कुशल नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा **दीक्षांत समारोह–2026** से **पूर्व दीक्षोत्सव–2026** का आयोजन दिनांक **01 जून, 2026** से **10 जून, 2026** तक किया जा रहा है।

उक्त के अनुपालन में **ललित कला संस्थान (IFA)** द्वारा विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं सामाजिक–सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने हेतु निम्नांकित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिताओं का विवरणः

| क्र.सं. | प्रतियोगिता का नाम | विषय | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्थापन कला (Installation Art/झांकी) प्रतियोगिता | **(i) नारी शक्ति वंदन (ii) उत्तर प्रदेश की संस्कृति** | 05 जून, 2026 | प्रातः 10:30 बजे से | **IFA** |
| 2. | पोस्टर प्रतियोगिता | **नारी शक्ति वंदन** | 09 जून, 2026 | प्रातः10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | **IFA** |
| 3. | स्लोगन प्रतियोगिता | **नारी शक्ति वंदन** | 09 जून, 2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | **IFA** |
| 4. | रंगोली प्रतियोगिता | **नारी शक्ति वंदन** | 09 जून, 2026 | प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक | **IFA** |

आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि अपने–अपने संस्थान/विभाग के विद्यार्थियों को उपरोक्त प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु प्रेरित एवं नामित करने का कष्ट करें तथा अधिकतम संख्या में छात्र–छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करें। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा, सृजनात्मक सोच एवं सामाजिक सरोकारों को अभिव्यक्त करने हेतु एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा।

साथ ही, आपसे सादर अनुरोध है कि अपनी गरिमामयी उपस्थिति द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने का कष्ट करें। आपकी उपस्थिति एवं सहयोग आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

प्रतियोगिताओं के नियम एवं दिशा–निर्देश संलग्न हैं।
आपके सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा के साथ।
आभार सहित।

भवदीया,

उक्त प्रतयिोगताओं में आवेदन हेतु नीचे दएि गए लंकि पर क्लकि करें:-
https://forms.gle/zXsDUK9r1H1CkS1Z8

(प्रो० अलका तिवारी)
निदेशक, ललित कला संस्थान (IFA)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# ललित कला संस्थान

दिनांकः 01.06.2026

**स्थापन कला (Installation Art/झांकी) प्रतियोगिता के नियम**

विषय :

**1. नारी शक्ति वंदन**

**2. उत्तर प्रदेश की संस्कृति**

दिनांक : 05 जून, 2026

समय : प्रातः 10:30 बजे से

स्थान : **IFA (Institute of Fine Arts)**

इंस्टॉलेशन आर्ट (स्थापन कला) क्या है?

इंस्टॉलेशन आर्ट समकालीन कला की एक विधा है, जिसमें विभिन्न वस्तुओं, सामग्रियों एवं त्रि–आयामी संरचनाओं के माध्यम से किसी विचार, विषय अथवा संदेश को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया जाता है। इसका उद्देश्य दर्शकों तक एक प्रभावशाली अनुभव एवं सामाजिक–सांस्कृतिक संदेश पहुँचाना होता है।
प्रतियोगिता के नियम एवं दिशा–निर्देश

1. प्रतियोगिता में "नारी शक्ति वंदन" अथवा "उत्तर प्रदेश की संस्कृतिक विषयों में से किसी एक विषय पर स्थापन कला (Installation Art/झांकी) तैयार करनी होगी।

2. प्रत्येक प्रविष्टि में अधिकतम दो प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते हैं।

3. विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रत्येक महाविद्यालय/विभाग से अधिकतम एक टीम प्रतिभाग कर सकती है।

4. कलाकृति विषयानुकूल, सृजनात्मक एवं सामाजिक–सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए।

5. पर्यावरण–अनुकूल एवं पुनर्चक्रण योग्य सामग्री के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी।

6. प्रत्येक कलाकृति के साथ संक्षिप्त कॉन्सेप्ट नोट (Concept Note) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

7. किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, धार्मिक अथवा राजनीतिक भावनाओं को आहत करने वाली प्रस्तुति स्वीकार नहीं की जाएगी।

8. मूल्यांकन सृजनात्मकता, विषय की अभिव्यक्ति, कलात्मक प्रस्तुति एवं नवाचार के आधार पर किया जाएगा।

9. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
10. प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के दोनों प्रतिभागियों का व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पाँच प्रविष्टियों को सांत्वना पुरस्कार।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# ललित कला संस्थान

दिनांकः 01.06.2026

**पोस्टर, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिता (विषयः नारी शक्ति वंदन) दिनांकः 09 जून, 2026 समयः प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक स्थानः IFA (Institute of Fine Arts)**

प्रतियोगिता के नियम एवं दिशा–निर्देशः

विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रत्येक महाविद्यालय/विभाग से प्रत्येक प्रतियोगिता हेतु अधिकतम दो प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकते हैं।

सभी प्रतिभागियों को निर्धारित समय से कम से कम 15 मिनट पूर्व प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

तीनों प्रतियोगिताओं का विषय **"नारी शक्ति वंदन"** रहेगा।

पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता हेतु आवश्यक शीट आयोजन स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि अन्य आवश्यक सामग्री प्रतिभागी स्वयं लाएँगे।

रंगोली प्रतियोगिता हेतु आवश्यक सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी।

प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना अनिवार्य होगा।

मूल्यांकन सृजनात्मकता, विषय की अभिव्यक्ति, कलात्मक प्रस्तुति एवं मौलिकता के आधार पर किया जाएगा।

निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान तथा 05 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।